ओएनजीसी पैरा गेम्स 2022

हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने नई दिल्ली में **चौथे तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)** पैरा गेम्स का उद्घाटन किया।

ओएनजीसी पैरा गेम्स:

- **परिचय:**
  - ओएनजीसी पैरा गेम्स **कॉर्पोरेट जीवन के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों** को समान अवसर प्रदान करने हेतु एक विशेष मानव संसाधन पहल है।
    - इसका उद्देश्य सार्वजनिक उपक्रमों में संलग्न मानव संसाधनों के समग्र विकास में योगदान करना है, जो सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं।
- **प्रतिभागी:**
  - 2 से 4 अगस्त 2022 तक आयोजित किये जा रहे **चौथे ओएनजीसी पैरा गेम्स** में **आठ केंद्रीय तेल और गैस सार्वजनिक उद्यमों** के कर्मचारी भाग ले रहे हैं।
- **अंतर्राष्ट्रीय स्तर:**
  - ओएनजीसी भारत की पैरालंपिक समिति की मदद से वर्ष 2017 के पहले संस्करण से अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में पैरा खेलों का आयोजन करता है, जहाँ 120 ओएनजीसी पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और व्हीलचेयर दौड़ जैसे खेलों में भाग लिया।

ओएनजीसी:

- ओएनजीसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी है।
- पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में 1955 में भारतीय भू-गर्भीय सर्वेक्षण के अधीन तेल एवं गैस प्रभाग के रूप में ओएनजीसी का शिलान्यास किया गया था।
- विदित हो कि 14 अगस्त, 1956 को इसे तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग नाम दिया गया और 1994 में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को एक निगम में रूपांतरित कर दिया गया था।
- वर्ष 1997 में इसे भारत सरकार द्वारा नवरत्नों में से एक के रूप में स्वीकार किया गया था, जबकि वर्ष 2010 में इसे **महारत्न** का दर्जा दिया गया था।

पैरालंपिक गेम्स:

- पैरालंपिक गेम्स या पैरालंपिक विकलांग एथलीटों और सामाजिक परिवर्तन के लिये सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है और एक ही मेज़बान शहर में प्रत्येक ओलंपिक खेलों के तुरंत बाद होता है।
- पैरालंपिक गेम्स का आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है, जो ग्रीष्म और शीत ऋतू में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।
- पैरालंपिक वर्ष 1948 में ब्रिटिश **द्वितीय विश्व युद्ध** के प्रमुख लोगों की छोटी सी सभा से 21 वीं सदी की शुरुआत तक सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में से एक बन गया है।
- **पहला पैरालंपिक खेल वर्ष 1960 में रोम में** आयोजित किया गया था।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ongc-para-games-2022